# सूचना

AICTE द्वारा निर्देशित किया गया है कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत स्कालरशिप प्राप्त करने वाले पात्र छात्र.–छात्राओ के बैंक खाता आधार नम्बर से जुडे होने अति आवश्यक है।अतः संस्था में अध्ययनरत ऐसे समस्त छात्र.–छात्राओं को जो विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत दी जाने वाले स्कालरशिप के पात्र हों वे अपने बैंक खाते से अपने आधार नं0 को लिंक करवा लें। संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्र–.छात्रायें जो छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हों वे शीघ्र राष्ट्रीयकृत बैंक मे अपना खाता खोल ले। जिससे कि आनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने मे कोई असुविधा न हो। दशमोत्तर छात्रवृत्ति के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के वे छात्र–.छात्रायें छात्रवृत्ति के पात्र है जिनके माता–पिता/अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू0 2.50 लाख से अधिक नही हैं। दशमोत्तर छात्रवृत्ति के अन्तर्गत अन्य पिछडी जाति के वे छात्र–.छात्रायें छात्रवृत्ति के पात्र है जिनके माता–पिता/अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू0 1.00 लाख से अधिक नही हैं। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संस्था को आनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथिया प्राप्त होने पर तदनुसार सम्बधित छात्रो को सूचित किया जायेगा। पात्र छात्र–.छात्रायें आय एवं जाति प्रमाण पत्र जो कि अधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया हो आदि प्रमाण पत्र तैयार रखें।

(राजीव सिंह)
प्रधानाचार्य

**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक आमवाला, देहरादून।**

पत्रांक 408-11 /सूचना/ छात्रवृत्ति / 2016–17 दिनांक 20 अगस्त, 2016

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सूचना पट संस्थागत पर समस्त संबधित छात्र–.छात्राओं की आवश्यक जानकारी हेतु चस्पा। /website
2. प्रथम /द्वितीय /अंतिम वर्ष इलेक्ट्रानिक्स एव इलेक्ट्रिकल इंजी0 की कक्षाओं में चक्रीकत।
3. श्रीमती संगीता वर्मानी अध्यक्ष छात्रवृत्ति समिति संस्थागत।
4. श्री सत्यप्रकाश, श्री राजकिरण, श्री अनूप सकलानी, श्री मो0 राशिद,सदस्य छात्रवृत्ति समिति संस्थागत।

(राजीव सिंह)
प्रधानाचार्य